# कार्यालय संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म

**29-ए, खनिज भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)**

**फोन एवं फैक्स नं. : 0755-2551795, E-mail : dirgeomn@mp.nic.in**

## विज्ञापन

## (निःशक्तजनों के लिये आरक्षित पदों हेतु विशेष भर्ती अभियान - 'वाक इन इंटरव्यू' द्वारा पूर्ति)

संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म मध्यप्रदेश भोपाल के अंतर्गत निःशक्तजनों के लिये आरक्षित (दृष्टि बाधित, अस्थि बाधित एवं श्रवण बाधित) पदों हेतु विशेष भर्ती अभियान - **'वाक इन इंटरव्यू'** द्वारा उल्लेखित पद के समक्ष दर्शाई गई शैक्षणिक अर्हता रखने वाले निःशक्तजनों से पूर्ति की जानी है। जो निःशक्तजन संबंधित पद की योग्यता पूर्ण करते हों वह निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पूर्ण कर **दिनांक 11.10.2017 को प्रातः 11.00 बजे** मूल अभिलेख एवं स्व-प्रमाणित छायाप्रतियों/पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित इस कार्यालय में **'वाक इन इंटरव्यू'** हेतु उपस्थित हो सकते हैं :-

| पद/संवर्ग का नाम | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यतायें | भर्ती हेतु उपलब्ध पद | | | कुल उपलब्ध पद | वेतनमान | वॉक इन इंटरव्यू हेतु तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अस्थि बाधित | दृष्टि बाधित | श्रवण बाधित | | | |
| **(1) प्रशिल्पी (तृतीय श्रेणी)** | किसी मान्यता प्राप्त संस्था से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पत्रोपाधि (डिप्लोमा)। | - | 1 | - | 1 पद | 5200-20200 +2800 | 11.10.2017 |
| **(2) सहायक ग्रेड-3 (तृतीय श्रेणी)** | 1. 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण<br>2. (क) निम्नलिखित मान्यता प्राप्त संस्थाओं में से किसी एक संस्था से कम्प्यूटर डिप्लोमा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है:-<br>(1) जू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>(2) यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>(3) डी.ओ.ई.ए.सी.सी. से डिप्लोमा स्तर की परीक्षा।<br>(4) शासकीय पालीटेक्निक कॉलेज से मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स।<br>(5) राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (N.C.V.T.) नई दिल्ली अथवा राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (S.C.V.T.) मध्यप्रदेश द्वारा प्रदत्त एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) प्रमाण पत्र।<br>(ख) उक्त मान्यता प्राप्त संस्थाओं से कम्प्यूटर डिप्लोमा के अलावा निम्न अर्हता भी मान्य होगी:-<br>1. बी.ई. (सी.एस.ई./आई.टी.)/एम.सी.ए./बी.सी.ए./एम.एस.सी. (आई.टी./सी.एस.)/बी.एस.सी. (आई.टी./सी.एस.) एम.टेक./एम.ई. इत्यादि। ए.आई.सी.टी.ई. से अनुमोदित पोलीटेक्निक डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साईंस/कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी इत्यादि। बी.एस.सी./बी.काम/डिग्रियां जिनमें केवल कम्प्यूटर के एक विषय का अध्यापन सम्मिलित है मान्य नहीं होगा।<br>2. 20 शब्द प्रति मिनिट की गति से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) प्रमाण पत्र (स्कोर कोर्ड) अनिवार्य। | 1 | - | 1 | 2 पद | 5200-20200 +1900 | 11.10.2017 |

**उपर्युक्त पदों हेतु आवेदक को निम्नांकित शर्तें पूर्ण करनी होंगी :-**

1. **न्यूनतम आयु :-** निःशक्त प्रवर्ग के उम्मीदवारों को दिनांक 01.01.2017 की स्थिति में न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष रहेगी।
2. मेडीकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त निःशक्तता प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 40 प्रतिशत से कम निःशक्तता होने पर इंटरव्यू में शामिल नहीं किया जावेगा।
3. **मूल निवासी -** म.प्र. का मूल निवासी होना अनिवार्य है, तत्संबंधी सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था/कार्यालयों में कार्यरत आवेदनकर्ताओं को अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से प्रस्तुत करना होगा एवं योग्य पाये जाने पर अपने कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. आवेदन पत्र सुस्पष्ट होना चाहिये।
6. साक्षात्कार के समय आवेदक को समस्त मूल प्रमाण पत्र/अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. उम्मीदवार को साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु निकटतम मार्ग का रेल/बस का नियमानुसार यात्रा व्यय दिया जावेगा। इस हेतु बैंक खाता क्रमांक/बैंक का नाम/आई.एफ.एस.सी. कोड की जानकारी अनिवार्य रूप से साथ लेकर आवें।
8. आवेदक का म.प्र. के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना आवश्यक है।
9. जिस आवेदक द्वारा विवाह की न्यूनतम आयु के पूर्व विवाह किया हो तथा एक से अधिक पत्नी होने पर नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा। जिन आवेदकों की दो से अधिक जीवित संतान होंगी जिसमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 के पश्चात हुआ हो वे नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।
10. चयन के पश्चात आवेदन के संबंध में असत्य जानकारी प्राप्त होने पर नियुक्ति आदेश निरस्त किया जावेगा तथा साथ ही नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
11. विज्ञापन विभागीय वेबसाइट e-khanij पर भी प्रदर्शित है।
12. **आवेदन पत्र संलग्न निर्धारित प्रारूप अनुसार भरकर आवश्यक प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियों सहित निर्धारित तिथि पर संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म (खनिज भवन), 29-ए, अरेरा हिल्स, भोपाल- में उपस्थित होवें।**
13. **चयन के संबंध में संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।**

उपरोक्त शर्तों के अतिरिक्त शासन द्वारा समय-समय पर जारी नियम/निर्देश भी लागू होंगे।

**संचालक**
**भौमिकी तथा खनिकर्म, मध्यप्रदेश**

## आवेदन का प्रारूप

**स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज फोटो**

1. आवेदित पद का नाम (बड़े अक्षरों में) ..........................................
2. आवेदक का नाम ..........................................
3. पिता/पति का नाम ..........................................
3. वर्तमान पत्र व्यवहार का पूर्ण पता ..........................................
4. स्थाई निवास का पता ..........................................
5. जन्मतिथि अंकों में (प्रमाण पत्र सहित) ..........................................
   शब्दों में ..........................................
6. जन्म स्थान : ग्राम ................ जिला ................ राज्य ................
7. दिनांक 01.01.2017 को आयु ..........................................
   वर्ष ................ माह ................ दिन ................
8. राष्ट्रीयता ................................ धर्म ................
9. पूर्व नियोजन का विवरण ..........................................
10. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक ..........................................
11. विवाहित होने पर - ..........................................
    1. विवाह के समय आयु ..........................................
    2. बच्चों की संख्या ..........................................
    3. तीसरे बच्चे की दशा में जन्मतिथि ..........................................
12. **शैक्षणिक योग्यतायें**

| क्र. | कक्षा का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | संस्था का नाम | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

13. विकलांगता प्रमाण पत्र ..........................................
14. कार्यानुभव/संस्था का नाम ..........................................
15. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची ..........................................

## शपथ-पत्र

मैं शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में दी गई जानकारी एवं विवरण पूर्णतः सत्य है। यदि कोई भी जानकारी असत्य एवं गलत पाई जाती है तो मेरा आवेदन/चयन/नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी। मूल दस्तावेज/प्रमाण पत्र मांगे जाने पर प्रस्तुत किया जावेगे।

**दिनांक :**

**स्थान :** **आवेदक के हस्ताक्षर**

**जी-17798/38418/2017** **(पूरा नाम एवं पता)**